E-mail : upshec@gmail.com.
Website : www.uphed.gov.in/council

Phone : 0522-2287025
0522-4306795

उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्

619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001

पत्रांक 218/रा0उ0शि0प0/42/18
दिनांक 03 जुलाई, 2020

सेवा में,

कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

विषय : उच्च शिक्षण संस्थाओं के राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) से गुणवत्ता मूल्यांकन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

अवगत है कि प्रदेश की उच्च शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा की उत्कृष्ट गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) संस्था से शत प्रतिशत मूल्यांकन कराया जाना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में है। इस संबंध में समय-समय पर निर्देश प्रेषित किये जाते रहे हैं। यह आवश्यक है कि प्रदेश की समस्त उच्च शिक्षण संस्थाओं, सम्प्रति विश्वविद्यालय तथा उनके क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) से गुणवत्ता का मूल्यांकन का एक लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्ययोजना बनाकर कराया जाय।

अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया समस्त राज्य विश्वविद्यालय तथा उनके क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) से मूल्यांकन के लिये वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु मासिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्ययोजना उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद की ई0मेल आई0डी0 *upshec@gmail.com* पर दिनांक 10 जुलाई, 2020 तक प्रेषित करने का कष्ट करें। कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाय।

भवदीय

(मोनिका एस. गर्ग)
अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग/सदस्य सचिव

पत्रांक : — /रा0उ0शि0प0/ — / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. कुलपति, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(डॉ0 आर0के0 चतुर्वेदी)
अपर सचिव

Scanned with CamScanner